स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026 | हरिभूमि | बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

खबर संक्षेप

आदि सेवा केन्द्रों में 15 तक जनसुनवाई

बैकुण्ठपुर। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के सभी आदि सेवा केन्द्रों में 13 से 15 अगस्त तक जनसुनवाई (जन शिकायत निवारण एवं लाभार्थी संतृप्ति शिविर) का आयोजन किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ ग्राम स्तर पर उपलब्ध कराने के साथ उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य के 28 जिलों के 128 विकासखंड़ों के 6650 जनजाति बाहुल्य ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें कोरिया जिले के 154 ग्राम शामिल हैं। अभियान का उद्देश्य आदि सेवा केन्द्रों एवं प्रशिक्षित आदि कर्मयोगी वॉलिंटियर्स के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में अंतिम छोर तक शासकीय सेवाओं की पहुंच को मजबूत करना है। आदि सेवा केन्द्रों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सुविधा उपलब्ध कराने, शिकायत निवारण, शासकीय योजनाओं के समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता के लिए ग्राम स्तर पर स्थायी मंच के रूप में विकसित किया गया है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा 19 को

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सबसे बड़ी इकाई जिला पंचायत की सामान्य सभा की आगामी बैठक 19 अगस्त को अपरान्ह आयोजित होगी। इस संबंध में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने सर्व संबंधितों को सूचना जारी कर दी है। जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्षता करेंगे। जिला पंचायत सीईओ ने सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक जानकारी सहित समय पर जिला पंचायत मंथन कक्ष में उपस्थित होने को कहा है। साथ ही गत सामान्य सभा की समीक्षा बैठक में सदस्यों के द्वारा सदन के पटल पर रखे गए जनहितकारी विषयों पर की गई कार्रवाई का लिखित प्रतिवेदन समय पर जिला पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 19 को

मनेन्द्रगढ़। संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर संभाग द्वारा एमसीबी एवं कोरिया जिले के आहरण एवं संवितरण कार्यालयों में लंबित वेतन निर्धारण एवं पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 19 अगस्त 2026 को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में किया जाएगा। शिविर में संबंधित कार्यालयों के लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। इसके लिए कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालय के लंबित वेतन निर्धारण एवं पेंशन प्रकरणों से संबंधत आवश्यक दस्तावेजों सहित पेंशन कक्ष प्रभारी अथवा संबंधित लिपिक को उपस्थित कराने के निर्देश दिए हैं। शिविर में उपस्थिति का समय प्रातः 11 बजे निर्धारित किया गया है।

गाज की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

अम्बिकापुर। ग्राम कुम्हरता में गाज की चपेट मे आने से दो भैंसों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हरता निवासी केंदा सिंह रोज की तरह अपने दो भैंसों को घर से 50 मीटर दूर स्थित पेड़ के नीचे बांधा था। बुधवार की शाम मौसम बदला तथा गरज चमक होने लगी। इस दौरान पेड़ पर गाज गिरने के कारण दोनों भैंसे चपेट में आ गए तथा घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। केंदा सिंह अपने भैंसो की मदद से खेतों की जुताई करता था। खेती के समय दोनों भैंसो की मौत होने से किसान के समक्ष गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। मृत भैंस की कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

विधायक भईयालाल बोले-तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक

स्वतंत्रता दौड़ में हजारों हाथों में लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोरिया देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। पुलिस लाइन बैकुंठपुर से रामानुज मिनी स्टेडियम तक आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ में हजारों जिलेवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति की तख्तियां थामे प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ दौड़ लगाई।

मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। देश की स्वतंत्रता के लिए वीर जवानों और समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि देशप्रेम से बढ़कर कोई प्रेम नहीं है और हमें स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। सद्भावना दौड़ में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, केबी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवान, छात्र-छात्राएं और काफी संख्या में जिलेवासी शामिल हुए।

बारिश में भी नहीं थमा देशप्रेम का जोश

मिनी स्टेडियम में विधायक भईयालाल राजवाड़े जब उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे, तभी हल्की बारिश शुरू होने लगी, लेकिन बारिश की बूंदें भी छात्र-छात्राओं के उत्साह और देशप्रेम की उमंग को कम नहीं कर सकीं। विद्यार्थी पूरे अनुशासन के साथ तिरंगा थामे अपने स्थान पर डटे रहे। उनके चेहरे पर देशभक्ति का जोश और मन में तिरंगे के प्रति सम्मान साफ नजर आया। ऐसा लगा मानो बारिश से भी मुकाबला करने का हौसला इन युवा देशभक्तों ने अपने भीतर संजो रखा हो।

वंदे मातरम बना राष्ट्रीय उद्घोष

कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में वंदे मातरम ने महज एक गीत से आगे बढ़कर राष्ट्रीय उद्घोष का रूप लिया था। इसने लोगों में मातृभूमि के प्रति प्रेम, स्वाभिमान, एकता और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की भावना को मजबूत किया। सद्भावना दौड़ में भी इसी भावना की झलक दिखाई दी।

बारिश के बीच जोश और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दौड़

मनेन्द्रगढ़। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। लगातार हो रही बारिश भी प्रतिभागियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने पूरे जोश के साथ दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। प्रातः 7:00 बजे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ से स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा यादव, अध्यक्ष नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। दौड़ निर्धारित मार्ग से होते हुए पीडब्ल्यूडी तिराहा पहुंची और वहां से आमाखेरवा मैदान में सम्पन्न हुई। दौड़ के समापन के बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में अमित सेन ने प्रथम, सागर ने द्वितीय तथा हंसराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में ललिता प्रथम, माही द्वितीय तथा वंसती तृतीय स्थान पर रहीं।

कोरिया में विधायक भईयालाल करेंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर वे जनता के नाम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करेंगे। बैकुंठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न आयोजन होंगे।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। देश के आजादी का पर्व के अवसर पर 15 अगस्त को कोरिया जिले में उमंग उल्लास एवं उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुण्ठपुर में आयोजित किया जाएगा। रामानुज मिनी स्टेडियम में परेड के मार्च पास्ट पश्चात विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा पीटी का प्रदर्शन के साथ रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा जिले भर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालयों एवं विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा अपनी संस्था में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। वहीं शहर से लेकर गांव गांव में स्थित विद्यालयों में आज सुबह निर्धारित समय पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा और कई विद्यालयों में इस दिन ध्वजारोहण पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को शहर का बाजार गुलजार रहा। लोगों व विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के सामग्री खरीदी करने के चलते बाजार में शुक्रवार को भीड़ भाड़ रही। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती के लिए विभिन्न तरह के सामग्रियों की खरीदी की जाती रही। वहीं तिरंगा झंडा की भी खरीदी की गई। इसके अलावा मिष्ठान के दुकानों में भी मिष्ठानों की खरीदी जमकर की गई।

एमसीबी में मंत्री श्याम बिहारी करेंगे ध्वजारोहण

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह भव्य एवं गरिमामय रूप से आयोजित किया जाएगा। एमसीबी में कैबिनेट मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में वे राष्ट्रध्वज फहराकर देश की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट करेंगे। विदित हो कि मंत्री श्री जायसवाल छत्तीसगढ़ शासन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व संभाल रहे हैं।

हर घर तिरंगा अभियान में जनकपुर में गूंजा राष्ट्रप्रेम

जनकपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान के तत्वावधान में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली में विद्यालय के बालक-बालिकाओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उत्साह, उमंग और राष्ट्रप्रेम के साथ सहभागिता की। विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई तिरंगा रैली जनकपुर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों से होकर गुजरी। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे विद्यार्थियों की अनुशासित कतारों ने पूरे नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली में शामिल विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। तिरंगे के साथ कदमताल करते विद्यार्थियों ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति अपने दायित्वों का संदेश दिया। रैली वन परिक्षेत्र कार्यालय, स्टेडियम जनकपुर, तहसील कार्यालय, नवीन कॉलेज, बालक छात्रावास, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, जिला अस्पताल, बिजली कार्यालय एवं थाना जनकपुर होते हुए जनकपुर के प्रमुख स्थल अटल चौक पहुंची। इस दौरान नगरवासियों ने भी विद्यार्थियों की रैली को उत्सुकता के साथ देखा और उनके उत्साह की सराहना की।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा पूरे समय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि देश का भविष्य आज के विद्यार्थियों के हाथों में है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने राष्ट्र, समाज और देश के प्रति कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व और ऐसे अभियान विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और गौरव से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

दिखा विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम का जज्बा

रैली के दौरान विद्यार्थियों में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। हाथों में लहराता तिरंगा और अनुशासित ढंग से आगे बढ़ती विद्यार्थियों की कतारें आकर्षण का केंद्र रहीं। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि राष्ट्रप्रेम केवल किसी एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना प्रत्येक नागरिक के जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। विद्यालय परिवार का मानना है कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में केवल देशभक्ति की भावना ही विकसित नहीं होती, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता जैसे मूल्यों का भी विकास होता है।

कुड़ेली में निकली हर घर तिरंगा अभियान की रैली

बैकुण्ठपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली, माध्यमिक शाला कुड़ेली, प्राथमिक शाला कुड़ेली एवं सरस्वती शिशु मंदिर कुड़ेली के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य रैली निकाली गई। रैली में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया।

रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, सरभोका सरपंच श्रुति पैकरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली की प्राचार्य अमिता त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजुरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा कोरिया शिवचरण साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण द्विवेदी, सहकारिता प्रकोष्ठ सदस्य कामतानाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष हुलास प्रजापति, उपाध्यक्ष डीबन राम, छत्रपाल राजवाड़े, सीएसी कुड़ेली संकुल बीरेन्द्र राजवाड़े, माध्यमिक शाला कुड़ेली के प्रधान पाठक अशोक पटेल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य कृपाल राजवाड़े सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रैली में राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विशेष सहयोग किया। एनएसएस प्रभारी उमेश साहू के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने रैली की व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुए लोगों को राष्टध्वज के सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता समायन सिंह कंवर, कमला एक्का, बृजेश साहू, कमल कुशवाहा, पीयूष कुजूर, डी. कन्हैया, शशि पटेल, शालिनी खलखो, हेमंती प्रधान, नेहा बेक, दीपमाला खलखो, बिनीका पैकरा, सीमा मिंज, रीता यादव, कल्पना गुप्ता, ऋतु, वंदना साहू, अविनाश, योगेश वर्मा, सुरेन्द्र साहू, गणेशी सहित विद्यालय परिवार एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन रैली में शामिल हुए।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में निकली हर घर तिरंगा रैली

बैकुण्ठपुर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर में देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। रैली में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण स्टाफ ने उत्साह और जोश के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के माध्यम से लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर अमापारा बैकुंठपुर क्षेत्र से होकर गुजरी। विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने स्थानीय नागरिकों को प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं सम्मान प्रकट करने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान नागरिकों में भी उत्साह और सकारात्मक सहभागिता देखने को मिली। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि हमारी एकता, स्वतंत्रता, गौरव और देशभक्ति का प्रतीक है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुंठपुर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली में विद्यालय के प्राचार्य सीएल कुशवाहा, एनसीसी अधिकारी उमेश चंद्र, शिक्षकगण, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से किया गया। भारत माता की जय के उदघोष के साथ रैली विद्यालय परिसर से निकली।

जनकपुर की ड्रेनेज व्यवस्था बेनकाब, बारिश का पानी और गंदा पानी सड़कों पर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने सड़क बनी तालाब

जनकपुर। बारिश ने नगर पंचायत जनकपुर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने मुख्य सड़क पर जलभराव ने तालाब का रूप ले लिया है। सार्वजनिक संस्थान के ठीक सामने बनी यह स्थिति नगर पंचायत की तैयारियों और ड्रेनेज व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

बारिश के बाद बैंक के सामने सड़क पर पानी जमा होने से बैंक पहुंचने वाले लोगों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलना मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को जमा पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। लंबे समय तक पानी जमा रहने से सड़क के क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी बढ़ गया है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में जल निकासी की समस्या और भी गंभीर है। पर्याप्त नाली नहीं होने के कारण बारिश के पानी के साथ घरों और आसपास का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है। पानी की निकासी नहीं होने से कई स्थानों पर लंबे समय तक जलजमाव बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में यही तस्वीर सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। सड़क किनारे लंबे समय तक जमा गंदा पानी केवल आवागमन की समस्या नहीं है, बल्कि यह मच्छरों के पनपने का संभावित ठिकाना भी बन रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद जल निकासी और सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत प्रशासन की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जलभराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था करने के साथ ही नई नालियों का निर्माण और व्यवस्थित ड्रेनेज नेटवर्क तैयार किया जाना चाहिए। नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण, जल निकासी की अस्थायी व्यवस्था और स्थायी नाली निर्माण की मांग की है।

बारिश बढ़ी तो बढ़ेगी परेशानी

यदि बारिश का दौर जारी रहा तो बैंक के सामने जलभराव और वार्ड 14 में गंदे पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है। ऐसे में सवाल सिर्फ जलभराव का नहीं, बल्कि नगर पंचायत की मानसून पूर्व तैयारियों और जिम्मेदारी तय करने का भी है। सार्वजनिक संस्थान के सामने हर बारिश में बनने वाली तालाब जैसी स्थिति व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवालिया निशान लगा रही है।

पीएम जनमन योजना की सड़क चंद महीनों में बदहाल

जनकपुर। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत बनाई गई सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद सवालों के घेरे में आ गई है।

चिड़ौला से कर्री-बैगापारा को जोड़ने वाली करीब 4.30 किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और गड्ढे उभर आए हैं। कई हिस्सों में सड़क धंसने के साथ किनारों पर कटाव और डामर की परत उखड़ने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार सड़क की यह स्थिति निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी और लापरवाही की ओर इशारा करती है। उनका कहना है कि सड़क बनने के कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. रितेश कुशवाहा
विनायिका हेल्थ केयर क्लिनिक
बाजारपारा रोड पटना, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेन्द्र शर्मा
प्रबंधक, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
छिन्दडांड़, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शिवनारायण सिंह
जिला रेशम अधिकारी
रेशम विभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रविशंकर शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी

अनूप कुशवाहा
प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
पटना, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दुर्गेश पाण्डेय
संचालक, जय अम्बे स्टोन क्रेशर
ग्राम उजियारपुर, जिला-एमसीबी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

संजय सिंह
प्रबंधक, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
बंजारीडांड़, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
विद्युत विभाग एवं समस्त स्टॉफ
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अमरनाथ साहू
प्रबंधक, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बैमा,
जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नागेश्वर राव (राजू)
प्रबंधक
शैलेन्द्र गुप्ता
प्रभारी अधिकारी
कर्मचारी कार्मिक, सहकारी भंडार,
इंडियन गैस चरचा कॉलरी
जिला-कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अजय साहू
प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकरा,
जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुवेज अहमद (नेपालू)
वरिष्ठ भाजपा नेता
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

होरीलाल बरगाह
तकनीकी सहायक (मनरेगा)
जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ईश्वर साहू
वरिष्ठ भाजपा नेता
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रवि गुप्ता
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेश कुशवाहा
उप अभियंता
नगर पंचायत पटना, जिला कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

भईयालाल राजवाड़े
विधायक-बैकुण्ठपुर

अनिल राजवाड़े
जिला मंत्री-भाजपा युवा
मोर्चा, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गिरजाशंकर साहू
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
शाखा बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गणेश राजवाड़े
जनपद सदस्य एवं सभापति संचार एवं संकर्म
समिति जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर

विश्व आदिवासी दिवस एवं
स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राकेश कुमार पैकरा
ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

देवेश जायसवाल
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
शिक्षा विभाग, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रवण कुमार जायसवाल
संचालक एवं समस्त स्टाफगण एचपी
गैस एजेंसी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

उमाकांत तिवारी (व्यवस्थापक)
शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ
माँ सर्वेश्वरी शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती प्रीति भारद्वाज
जिला विपणन अधिकारी एवं समस्त स्टाफ
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. एलवीना टोप्पो
जिला आयुर्वेद अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण
आयुर्वेद विभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

रामविचार नेताम
कृषि मंत्री
विनीत- कृषि विभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

दीपक कुमार पाटले
अधीक्षक प्री. मैं अनु. जनजाति
बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

जितेन्द्र राजवाड़े
कार्यक्रम अधिकारी (वीबी जी राम..)
जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

अशोक लाल कुर्रे
कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष
सर्व रविदास समाज छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

रविशंकर राजवाड़े
जिलाध्यक्ष- रजवार समाज जिला कोरिया
जिला उपाध्यक्ष- भाजपा जिला कोरिया

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. सोनू राजवाड़े
एमडी (आयुष) आयुर्वेद सलाहकार

वैद्य रामप्रसाद राजवाड़े

पता - आयुर्वेद ग्राम चेर बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

विनय त्रिपाठी
सहायक संचालक
उद्यानिकी विभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

शिवलाल राजवाड़े
प्रदेश उपाध्यक्ष
छ.ग. प्रदेश पंचायत सचिव
संघ पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यगण

सभी क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

भईयालाल राजवाड़े
विधायक बैकुण्ठपुर

श्रीमती सोनकुंवर
सरपंच

सुनील भगत
पूर्व सरपंच

विनीत - ग्राम पंचायत बुढ़ार, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

भईयालाल राजवाड़े
विधायक बैकुण्ठपुर

उदय सिंह
अध्यक्ष

प्यारेलाल साहू
उपाध्यक्ष

ए.पन्ना
सीईओ

विनीत- जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

रवि कुमार साहू
प्रबंधक एवं समस्त स्टाफगण
विनीत- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
सरभोका जिला-कोरिया छ.ग.

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला-कोरिया की ओर से सभी जिलेवासियों को
15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस)
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

ए. पन्ना
जिला संरक्षक

संरक्षक- एस एस मिश्रा, महासचिव- विश्वास भगत, शिवलाल राजवाड़े, माधव राजवाड़े, मो नय्यर अंसारी, सुरेश एक्का, दीपक तिर्की, भरत यादव, जमुना राजवाड़े, ब्रम्हानंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार पटेल, अमृतांशु मिश्रा, राघवेंद्र तिवारी, शिव पटेल, दिनेश पटेल, कमलेश मारिक एवं समस्त संघ के पदाधिकारी।

डॉ. आर.एस. चंदे
जिला संयोजक

स्वतंत्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
प्रतीक जायसवाल
पीओ वीबी जीराम
जनपद पंचायत सोनहत जिला कोरिया छग

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
राहुल खस
युवा नेता
भारतीय जनता पार्टी बैकुंठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
अशोक जायसवाल
कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बैकुण्ठपुर
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर
श्रीमती साधना जायसवाल
पार्षद वार्ड क्रमांक 14
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
गायत्री पब्लिक स्कूल
(इंग्लिश मीडियम)
नर्सरी से कक्षा 8 वी तक
शिक्षा संस्कार के साथ
पता - हर्रापारा बैकुंठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.
7415473908, 9424254102

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती अमिता त्रिवेदी
प्राचार्य
शासकीय उच्चतर माध्यमिक
विद्यालय, कुड़ेली,
वि.ख. बैकुंठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
बाल्मिक दुबे
अध्यक्ष वनस्थली सेवा समिति
कैलाशपुर सोनहत जिला कोरिया छ.ग
गौ रक्षा एवं वनांचल में भगवत कथा के आयोजन में
आप सहभागी बन सकते हैं 8120 64 0442

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
मनोज सिंह कमरो
राष्ट्रीय अध्यक्ष
कोया पुनेम गोंडवाना महासभा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
शिप्रा नायक
सरपंच
संजीत राय
उप सरपंच
शाहिद खान
सचिव
ग्राम पंचायत कटकोना जिला कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
प्रेमवती सिंह
सरपंच बरदिया
कौशिल्या राजवाड़े
उप सरपंच
गणेश राजवाड़े
सचिव
ग्राम पंचायत बरदिया जिला कोरिया छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
अमित कश्यप
जिला परिवहन अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफगण बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
जितेंद्र गुप्ता
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
डॉ. प्रशांत सिंह
सीएमएचओ
एवं समस्त स्टाफगण स्वास्थ्य विभाग बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
राजाराम जांता
जिला अध्यक्ष
भारतीय पनिका समाज बैकुंठपुर
जिला कोरिया छत्तीसगढ़
बबीता ग्वाले
जिला अध्यक्ष
भारतीय पनिका समाज महिला मोर्चा
बैकुंठपुर, जिला कोरिया छत्तीसगढ़
उमाशंकर उर्फ बंटी
जिला अध्यक्ष
भारतीय पनिका समाज युवा मोर्चा
बैकुंठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़
लाल दास महंत उर्फ कल्ला
जिला मीडिया प्रभारी
भारतीय पनिका समाज बैकुंठपुर
जिला कोरिया छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
धर्मवती राजवाड़े
सभापति (वन विभाग)
जनपद पंचायत बैकुंठपुर
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छत्तीसगढ़

खबर संक्षेप

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से कृषि मंत्री ने की मुलाकात

रामानुजगंज। रामानुजगंज और बलरामपुर में बाईपास निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांग को मजबूती से रखा गया। नितिन गडकरी द्वारा दोनों बाईपास परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए जाना रामानुजगंज क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे आने वाले समय में क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ विकास और व्यापार को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

पुलिस ने 5 किलोमीटर मैरॉथन दौड़ का किया आयोजन

बिश्रामपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को सायक्लॉथन, मैरॉथन, वॉकथन प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया गया था,इसी तारतम्य में लटोरी पुलिस द्वारा गुरुवार को प्रातः 5.30 बजे मैरॉथन दौड़ का आयोजन कराया गया जिसमें चौकी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया,ग्राम चंदौरीडांड से लटोरी तक 5 किमी मैराथन दौड़ में प्रथम राहुल यादव अजबनगर, द्वितीय शिवशंकर डुमरिया, तृतीय गणेश सिंह बिहारपुर थे, जिन्हें लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह द्वारा शील्ड एवं मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया,इसी तरह मैराथन दौड़ में एक 12 वर्षीय बालक धनेश्वर कुशवाहा जगतपुर शामिल हुआ,जिसे भी विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ में कुल 30 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, दिलेश्वर, रवि किंडो, आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, शोभनाथ कुशवाहा, जयप्रकाश, भोला, अवधेश महिला आरक्षक मालती शोभा, सुनीता सक्रिय रहे।

पुरुषोत्तम तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

राजपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पुरुषोत्तम तिवारी की 23वीं पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसियों एवं परिजन ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर धूप-दीप प्रज्वलित किया तथा दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात रामायण पाठ का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर बालक आश्रम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों, मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए।

शहर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिक, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा शहर राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर नजर आया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मल्टीपरपज स्कूल से हुआ, जो कि महामाया चौक, घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए गांधी स्टेडियम मैदान में सम्पन्न हुई।

खास बात
- राष्ट्रीय एकता और अखंडता का दिया संदेश

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी यात्रा में शामिल होकर तिरंगा लहराया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह यात्रा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने सभी को अपने घर में, प्रतिष्ठान में, कार्यालय में झंडा फहराने कहा। इस दौरान गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने पहुंचे सभी नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि जिन आदर्शों और मूल्यों को लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई लड़ी, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें स्वतंत्रता संग्राम के इन आदर्शों और देश की आजादी के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत करना चाहिए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जयकारों, वंदे मातरम्‌ और देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम बनसिंह नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर एकता का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा में शामिल कैबिनेट मंत्री सहित अन्य।

विधवा के साथ रहने वाला प्रेमी ही निकला हत्यारा, सुलझी गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

घर में अकेली रहने वाली विधवा महिला की हत्या के मामले में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मामले में महिला के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। महिला और आरोपी लंबे समय से लिव इन में थे और बाद में आरोपी को महिला पर दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंध का शक हुआ जिसके बाद उसने महिला की हत्या कर दी और घर को बाहर से बंद कर फरार हो गया।

- दूसरे से प्रेम की शंका पर विवाद के दौरान उतारा मौत के घाट

कुसमी पुलिस के मुताबिक 4 जुलाई को क्षेत्र के थानपारा निवासी संतोषी बरगाह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराया थी कि उसकी मां सरस्वती बरगाह पिछले एक वर्ष से सिचाई कालोनी कुसमी स्थित अपने घर में अकेले रहती थी। 4 जुलाई की सुबह संतोषी बरगाह मां सरस्वती बरगाह से मिलने के लिए उसके सिचाई कालोनी कुसमी स्थित घर गई थी। घर पहुंच कर देखी कि घर के दरवाजे पर बाहर से सिकड़ी लगा था। सिकड़ी खोलकर घर के अंदर घुस कर देखी कि उसकी मां खून से लथपथ अवस्था में दरवाजा के सामने पड़ी हुई थी। सिर में चोट लगा था तथा माँ सरस्वती बरगाह की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। जांच में हत्या की पुष्टि होने पर धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज किया था। अंधे कत्ल के मामले में एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। वहीं मामले में एएसपी विश्व दीपक एवं एसडीओपी कुसमी के निर्देशन में जांच की गई। जांच में महिला के परिचित रतन नगेशिया के गायब होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 13 अगस्त को मुखबिर से मिली सूचना के बाद रतन नगेशिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी रतन नगेशिया ने पुलिस को बताया कि वह कुसमी में रहकर मजदूरी का काम करता था। पिछले 7-8 महीने से सरस्वती बहरगाह से जान पहचान हुआ था। सरस्वती एक विधवा औरत थी जो अकेली रहती थी जो रोजाना साथ में काम करने से एक साथ शराब पीने से दोनों एक दूसरे के काफी करीब हो गए और पति-पत्नी जैसा उसी के सिंचाई कालोनी स्थित घर में रहने लगे थे। इसी दौरान पिछले कुछ समय से सरस्वती बरगाह आरोपी रतन नगेशिया से कुछ दूरी बनाने लगी थी। आरोपी रतन नगेशिया को शंका थी कि सरस्वती बरगाह का किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध है। ऐसे में 2 जुलाई की शाम आरोपी रतन नगेशिया एवं सरस्वती बरगाह दोनों के बीच वाद-विवाद होने लगा। विवाद के दौरान आरोपी रतन नगेशिया के द्वारा गुस्से में वहीं पास कमरे के अन्दर रखा कुदारी से सरस्वती नगेशिया के सिर में वार कर दिया और जिससे सरस्वती नगेशिया की मृत्यु हो गई जिसके बाद आरोपी रतन नगेशिया दरवाजा को बंद कर बाहर से सिटकनी लगाकर भाग गया था। आरोपी रतन नगेशिया के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुदारी एवं आरोपी द्वारा घटना के दौरान पहना कपड़ा को जब्त कर आरोपी रतन नगेशिया पिता गेंदा उर्फ गोपाल निवासी गम्हारडीह थाना शंकरगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

देर रात ग्राहक सेवा केंद्र समेत किराना दुकान में चोरों का धावा

सीतापुर। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पुनः चोरों ने ग्राम भवराडांड़ स्थित ग्राहक सेवा केंद्र समेत किराना दुकान में धावा बोला। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर से नगदी समेत किराना सामान चोरी कर ले गए। दुकान में चोरी करने आए चोर इतने शातिर थे कि सीसी टीवी से बचने के लिए अपना चेहरा ढंक रखा था।जानकारी अनुसार सत्यनारायण कुशवाहा का ग्राम भवराडांड़ मांड़ नदी के के समीप मुख्य मार्ग किनारे किराना दुकान और ग्राहक सेवा केंद्र है। परिवार समेत रहकर दुकान का संचालन करते है। सोमवार की रात दुकान बंद करके सत्यनारायण कुशवाहा दुकान के पीछे अपने घर में सोने चले गए। तभी देर रात चोरों ने उनके दुकान पर धावा बोला और शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और पहले गल्ले में रखा नगदी नौ हजार रुपये चोरी कर चले गए। थोड़ी देर बाद चोर फिर वापस आए और दुकान के अंदर से किराना सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने चोरी करने से पहले सत्यनारायण कुशवाहा एवं उनके घर के बगल में रहने वाले रिश्तेदार के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। साथ ही चोरो ने दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे से बचने के लिए अपना चेहरा ढंक रखा था। सुबह बड़ी मुश्किल से दरवाजा खोलने के बाद सत्यनारायण कुशवाहा बाहर आए तो देखा कि उनके दुकान एवं ग्राहक सेवा केंद्र का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान से नगदी नौ हजार रुपये समेत लगभग दस हजार रुपये का किराना सामान पार कर दिया था। इस घटना के बाद दुकानदार ने दुकान में हुई चोरी के संबंध में पुलिस को अवगत करा दिया है। एक माह पहले भी चोरों ने इनके यहां धावा बोल कर चार लाख बाइस हजार रुपये पार कर दिया था। इतनी बड़ी रकम की चोरी के बाद इन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन एक माह पहले हुई चोरी का पुलिस आज तक सुराग नहीं लगा पाई है। जबकि चोरी के दौरान चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गए थे। इसके बाद भी चोरों का सुराग नहीं मिल पाना पुलिस की नाकामी को दर्शाता है।

- नगदी समेत किया किराना सामान पार

इस संबंध में एसडीओपी तुलसिंह पट्टावी ने बताया कि पुलिस अपना काम कर रही है। नगर समेत क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस कटिबद्ध है। जल्द ही ऐसी घटनाओं पर लोगो को रोकथाम होता नजर आएगा।

एनएसयूआई ने पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने दिया संदेश

प्रतापपुर। सरोकार और सेवा भावना से जोड़ते हुए एनएसयूआई द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान के नेतृत्व में शासकीय कालिदास महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। इसके बाद प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय कालिदास महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण के साथ हुई। जिसमें एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण की नींव तैयार करेंगे। पौधरोपण के पश्चात एनएसयूआई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कॉपी, पेन और मिठाइयां वितरित की गईं। इस दौरान अखिलेश तिवारी, गोपेश्वर, अंकुश,एलिन एक्का, कुसुमलता प्रजापति, सतेन्द्र पटेल, सचिन आदि शामिल रहे।

प्राइड ऑफ भारत अवार्ड से सम्मानित हुए सोनी

अम्बिकापुर। सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राइड ऑफ भारत अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 8 अगस्त को मुंबई स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

- अभिनेत्री पदमिनी कोल्हापुरी से मिला सम्मान

समारोह में फ़िल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी द्वारा डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें आरटीआई, जनहित याचिकाओं, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मनीष बंसल फाउंडर इनसाइट सक्सेस एंड ट्रेड मीडिया द्वारा किया गया था। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनके समक्ष डॉ. सोनी को यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. डीके सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मामलों को न्यायालयों तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है। सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को उजागर करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर उन्होंने कई मामलों में जांच और कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने में सफलता प्राप्त की है। डॉ. सोनी ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें जनहित, सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए और अधिक समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह इनका 52 वा अवार्ड है।

बनारस से मैनपाट तक 400 किमी की कावड़ यात्रा, विधायक टोप्पो ने उठाया गंगाजल

अम्बिकापुर। सावन के पावन महीने में सरगुजा से जुड़ी एक अनोखी कांवड़ यात्रा शुरू हुई है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो ने वाराणसी के अस्सी घाट से करीब 150 कांवड़ियों के साथ गंगाजल उठाकर पैदल यात्रा की शुरुआत की। कांवड़ियों का यह जत्था वाराणसी से सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित चोरकीपानी के स्वयंभू शिव मंदिर तक 400 किलोमीटर से अधिक की दूरी पैदल तय करेगा। करीब 12 दिनों तक लगातार पैदल चलने के बाद कांवड़िए चोरकीपानी पहुंचेंगे, जहां गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह कांवड़ यात्रा पिछले पांच वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा में शामिल होकर वाराणसी से गंगाजल लेकर मैनपाट पहुंचते हैं। विधायक रामकुमार टोप्पो भी इस बार कांवड़ियों के साथ पूरी यात्रा पैदल तय करेंगे। धार्मिक आस्था और भक्ति से जुड़ी इस लंबी पैदल कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 400 किलोमीटर से अधिक की यह यात्रा करीब 12 दिनों में पूरी होगी और मैनपाट पहुंचने के बाद चोरकीपानी स्थित स्वयंभू शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

मंत्री अग्रवाल ने किया महिला सदन का भूमिपूजन, बोले- मिलेगा स्थाई मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल गुरुवार को विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम केदमा में महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक गतिविधियों के लिए बनने वाले महतारी सदन का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि महतारी सदन राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक गतिविधियों का एक सशक्त केंद्र विकसित करना है। इस भवन का उपयोग स्व-सहायता समूहों की बैठक, प्रशिक्षण कार्यक्रम, महिला जागरूकता अभियान, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों तथा सामुदायिक आयोजनों के लिए किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को संगठित होकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महतारी सदन बनने से महिलाओं को एक स्थायी मंच मिलेगा, जहां वे सामाजिक, आर्थिक और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों का संचालन कर सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मंत्री का स्वागत किया और महतारी सदन निर्माण को गांव के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस दौरान नागेश्वरी पैकरा, कृतिका सिंह, विनोद हर्ष, राकेश अग्रवाल, प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, बुध मोहन सिंह, मूलचंद अग्रवाल, बृजेश चतुर्वेदी, सुनील अग्रवाल, महेश्वर, दीना यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिपं सदस्य की पहल से 50 मेधावी छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के 50 मेधावी छात्रों को आज हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण में रायपुर रवाना किया गया। भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, राजबहादुर शास्त्री, करता राम गुप्ता, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पैनेलिस्ट संतोष दास तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर ने स्थानीय केदारपुर स्कूल से 50 छात्र व 10 स्टाफ से भरे बस को हरी झंडी दिखाई।

ज्ञात हो कि जिले के 11 वीं 12 वीं के मेधावी छात्र शैक्षणिक भ्रमण में रायपुर के आईआईएम, आईआईआईटी तथा ट्राइबल म्यूजियम सहित विभिन्न शैक्षणिक व ज्ञानवर्धक स्थलों का भ्रमण कर ज्ञानार्जन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर के व्यक्तिगत प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी बच्चे गांवों से निकलकर राजधानी के बड़े शैक्षणिक संस्थानों में पहली बार भ्रमण के लिए जा रहे हैं जहां उन्हें रिसीव करने व ब्रीफ करने के लिए उन बड़े शैक्षणिक संस्थानों के फैकल्टी भी रहेंगे। शैक्षणिक भ्रमण में रायपुर जाने वाली टीम को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि सरगुजा के ग्रामीण युवाओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय पहल है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को ऐसे आयोजनों के माध्यम अधिक से अधिक अवसर दिया जाना चाहिए ताकि उनका बौद्धिक स्तर और बेहतर हो सके। इस अवसर पर विवेक सिंह सेंगर, दीपक यादव, सालेम केरकेट्टा, श्रीधर केसरी, अमितेश पाण्डेय, हर्ष जायसवाल, मनीष दुबे, अभिनंदन सिंह, राजू सिंह, मंटू शुक्ला, सौरभ मिश्रा, अंकित सिंह, उत्कर्ष पाठक, प्रिंस चौबे, लव दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संकलनकर्ता
शरदचंद जायसवाल
हरिभूमि प्रतिनिधि नागपुर
मो. - 6267250058

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
राजेश कुमार साहू
उपाध्यक्ष - जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़
जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती मालती सिंह
सरपंच
हरिश यादव
उप-सरपंच
ननकू राम सिंह
सचिव

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
शेष नारायण सिंह
(एएसआई)
पुलिस चौकी प्रभारी एवं समस्त स्टॉफ
नेशनल हाईवे नवीन पुलिस

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
ललन सिंह
सरपंच
सुरेन्द्र कुमार राय
उप-सरपंच
मोहित हथगेन
सचिव
जगलाल टक्सेल
रोजगार सहायक

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
रघुवर यादव
संचालक
स्टोन क्रेशर नागपुर,
जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
कुमारी शारदा बैगा
सरपंच
विनीत राय (गोलू)
उप-सरपंच
सुभाष कुमार राय
सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत सेमरा, जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती बटूल सिंह
सरपंच
नरेश यादव
उप-सरपंच
संतलाल साहू
सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत महाराजपुर, जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती सोनकुंवर
सरपंच
श्रीमती देवकुंवर
उप-सरपंच
मोहित हथगेन
सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत लाई, जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सरजू प्रसाद सोनवानी
सरपंच
श्रीमती द्रोपदी
उप-सरपंच
संतलाल साहू
सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत चिरईपानी, जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
मोती सिंह - सरपंच
श्रीमती गीता साहू - उप सरपंच
निरंजन सिंह कश्यप - सचिव
ग्राम पंचायत लोहारी, जिला - एमसीबी (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
देवेन्द्र तिवारी
जिलाध्यक्ष
भाजपा कोरिया
शिवचरण साहू
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
जगदीश साहू
उपाध्यक्ष - जिला सहकारी बैंक सरगुजा संभाग
जिलाध्यक्ष - साहू समाज, जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
आलोक चक्रधारी
उप अभियंता नगर पालिका शिवपुर
चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
पीएम श्री स्कूल चरचा
जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती रामकली पाल
नगर पालिका शिवपुर चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
रामाशंकर सिंह
सरपंच
बनवारी लाल साहू
सचिव
ग्राम पंचायत खरवत

80वें स्वतंत्रता दिवस की
भारतीय कोयला मजदूर संघ
बीएमएस बैकुंठपुर क्षेत्र परिवार की ओर से
समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र सिंह
केन्द्रीय अध्यक्ष
शिवकुमार दुबे
केन्द्रीय महामंत्री
भारतीय कोयला मजदूर संघ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सोहेल अहमद
पूर्व एल्डरमैन नगर पालिका शिवपुर
चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
अभिमन्यु मुदुली
जिला सह संयोजक नगर निकाय
व पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष
शिवपुर, चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्रीमती लालमुनी यादव
पूर्व नपाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका
शिवपुर, चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

खबर संक्षेप

बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। मवेशी चराने जा रहे ग्रामीण को सड़क पार करते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कुनकुरी कला निवासी दिलबहार तिग्गा (60 वर्ष) गत दिन सुबह मवेशियों को लेकर चराने जा रहा था। जैसे की ग्रामीण मवेशियों को लेकर सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्ध का शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

आकाशीय बिजली की चपेट आने से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। खेत में रोपा लगाते समय आकाशीय बिजली करने तथा चपेट में आने से गंभीर हुई महिला की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरगंज निवासी पार्वती पति महेन्द्र (39 वर्ष) बुधवार को गांव के अन्य लोगों के साथ अपने खेत में रोपा लगा रही थी। दोपहर में अचानक बारिश होने के साथ तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली खेत में गिरी जिससे महिला चपेट में आ गई। गाज की चपेट में आने से महिला मौके पर ही अचेत हो गई। घटना को देख परिजन सहित आसपास के लोगों ने तत्काल महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

त्रिवेणी संगम का जल लेकर देवगढ़ धाम रवाना हुए श्रद्धालु

रामानुजनगर। सावन माह के अवसर पर रामानुजनगर क्षेत्र के श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पतरापाली से पवित्र जल लेकर देवगढ़ धाम के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जल कलश में भरा और भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए देवगढ़ धाम की ओर प्रस्थान किया। धार्मिक यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति विशेष आस्था और उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ देवगढ़ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

किताबों से बाहर निकला विज्ञान, कुड़ेली के बच्चों ने मॉडल से समझाए वैज्ञानिक सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच, नवाचार और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय माध्यमिक शाला कुड़ेली में साइंस लर्निंग सेंटर एवं डिजिटल क्लास का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिला प्रशासन कोरिया एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी कोरिया के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई इस पहल से विद्यार्थियों को विज्ञान को किताबों से बाहर निकलकर प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर एवं अपर कलेक्टर सुरेंद्र प्रसाद वैद्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने की। उद्घाटन अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत किए। बच्चों ने अतिथियों को अपने मॉडल के पीछे छिपे विज्ञान को सरल भाषा में समझाया। चाँदनी ने वायुदाब, प्राची ने सूर्यग्रहण एवं चंद्रग्रहण, आकाश ठाकुर ने न्यूटन के तृतीय नियम, लक्ष्मी ने ड्रिप सिंचाई, सुरेंद्र ने उत्प्लावन बल, स्वाति ने त्रिकोण, प्रियंका ने घातांक के नियम और नागेंद्र ने जनरेटर से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने ऑक्सीजन के दहन में सहायक होने का प्रयोग भी किया।

इन प्रस्तुतियों ने साबित किया कि विद्यार्थी विज्ञान को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रख रहे, बल्कि उसे प्रयोग और गतिविधियों के माध्यम से व्यवहार में उतारकर सीख रहे हैं। विज्ञान एवं गणित शिक्षक श्री अनिल दास तथा शिक्षिका श्रीमती मृदुला जायसवाल ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

डिजिटल क्लास से तकनीक से जुड़ेगी पढ़ाई

साइंस लर्निंग सेंटर के साथ विद्यालय में डिजिटल क्लास की भी शुरूआत की गई। इसके माध्यम से विद्यार्थी डिजिटल संसाधनों और आधुनिक तकनीक की मदद से कठिन विषयों को अधिक रोचक और सरल तरीके से समझ सकेंगे। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल रटने का विषय नहीं है, बल्कि अवलोकन करने, सवाल पूछने और स्वयं करके सीखने का माध्यम है।

सफाई कार्य में लापरवाही, दो ठेकेदारों के भुगतान में 20.57 लाख की कटौती

अम्बिकापुर। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर नगर निगम में बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने मैनुअल सफाई कार्य में पर्याप्त श्रमिक और वाहन नहीं लगाने को अनुबंध शर्तों का उल्लंघन मानते हुए ठेकेदारों के तीन महीने के भुगतान की राशि से 20 लाख रुपए से अधिक की कटौती की है। बता दें कि शहर में 24 वार्डों के साथ ही रिंग रोड की मैनुअल सफाई का ठेका दो ठेकेदारों को दिया गया है। इन ठेकेदारों को अनुबंध के अनुसार श्रमिक और वाहन लगाकर सफाई का कार्य व कचरा उठाव कराना है लेकिन ठेकेदारों द्वारा अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करते हुए सफाई कार्य में लापरवाही की जाए रही है जिससे शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है और लोगों में नाराजगी है। सफाई में लापरवाही का मुद्दा ननि की सामान्य सभा में भी उठा था। ऐसे में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर ननि आयुक्त द्वारा पूर्व में सफाई ठेकेदारों को कई बार सफाई कार्य में सुधार तथा अनुबंध शर्त अनुसार सफाई कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें लिखित नोटिस भी जारी कर कार्य में सुधार के निर्देश दिये गये थे, किंतु सफाई ठेकेदारों द्वारा अनुबंध शर्त अनुसार श्रमिक एवं कचरा उठाव हेतु वाहन लगाकर कार्य नहीं कराया जा रहा है। सफाई ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत देयक माह मई, जून एवं माह जुलाई के देयक से कटौती की कार्रवाई की गई है जिसके तहत समूह क्रमांक 1 एवं समूह क्रमांक 3 के ठेकेदार के देयक से राशि 10 लाख 20 हजार 250 रुपए एवं समूह क्रमांक 2 व रिंग रोड की मैनुअल सफाई कार्य के ठेकेदार के देयक से राशि 10 लाख 37 हजार 316 रूपस की कटौती की गई है इस तरह कुल राशि 20 लाख 57 हजार 566 की कटौती की गई है। साथ ही सफाई ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि अनुबंध शर्त अनुसार निर्धारित संख्या में श्रमिक व वाहन लगाकर सफाई कार्य व कचरा उठाव कार्य कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा सफाई कार्य में सुधार नहीं होने की स्थिति में पुनः आगामी देयक से नियमानुसार राशि की कटौती करते हुए ब्लेक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी।

चिरगुड़ा में नौनिहालों को मिला सुविधायुक्त केंद्र

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

ग्राम पंचायत चिरगुड़ा का मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र अब नौनिहालों की प्राथमिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के साथ सामुदायिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। योजनाओं के अभिसरण से निर्मित नए और सुव्यवस्थित भवन ने बच्चों एवं महिलाओं के लिए सुरक्षित, सुविधायुक्त और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया है। कभी जर्जर भवन के कारण जहां बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही थी, वहीं अब केंद्र में दर्ज सभी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है।

ग्राम पंचायत चिरगुड़ा का पुराना आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। भवन की स्थिति के कारण बच्चों की सुरक्षा, पढ़ाई, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के संचालन में अनेक कठिनाइयां सामने आ रही थीं। सुविधाओं के अभाव में धीरे-धीरे पालकों ने भी अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजना कम कर दिया था। इसका सीधा असर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण के साथ गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ रहा था।

अभिसरण से निकला समाधान, 11.69 लाख रुपए से तैयार हुआ भवन- समस्या के स्थायी समाधान के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का अभिसरण किया गया। साथ ही जिला खनिज न्यास निधि से भी आवश्यक राशि उपलब्ध कराई गई। कार्य में स्थानीय समुदाय की भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत चिरगुड़ा को निर्माण एजेंसी बनाया गया। निर्माण के लिए मनरेगा से 8 लाख रुपए, जिला खनिज न्यास निधि से 1 लाख 69 हजार रुपए तथा सक्षम आंगनबाड़ी पोषण केंद्र 2.0 योजना के तहत 2 लाख रुपए, इस प्रकार कुल 11 लाख 69 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इससे बच्चों के खेलकूद, शिक्षा, भोजन एवं पोषण व्यवस्था के साथ सुरक्षित एवं स्वास्थ्य हितकर शौचालय सहित व्यवस्थित भवन का निर्माण किया गया।

अब हर सुबह आंगनबाड़ी की ओर बढ़ते हैं नौनिहालों के कदम

नए भवन के निर्माण के बाद आंगनबाड़ी केंद्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। केंद्र में आने वाले बच्चों में उत्साह और खुशी दिखाई देती है। बच्चे स्वस्फूर्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच रहे हैं और यहां दर्ज सभी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। केंद्र में आने वाले बच्चे सुपोषण की श्रेणी में हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दर्जनभर महिलाओं को भी नियमित पोषण एवं देखभाल संबंधी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। गर्भवती महिलाओं लीलावती, काजल, सविता, निशा सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि नए भवन में उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाएं अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से मिल रही हैं। चिरगुड़ा का यह आंगनबाड़ी केंद्र यह दशार्ता है कि विभिन्न विभागों की योजनाओं का प्रभावी अभिसरण कर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को गति दी जा सकती है। नया भवन बच्चों की प्राथमिक शिक्षा और पोषण का केंद्र बनने के साथ गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की देखभाल, स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं के लिए भी उपयोगी साबित हो रहा है। इस तरह आंगनबाड़ी केंद्र अब गांव में पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्रारंभिक शिक्षा की कड़ियों को जोड़ते हुए सामुदायिक विकास का सशक्त माध्यम बन गया है।

मानस भवन में सजी इतिहास की तस्वीरें

बैकुण्ठपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मानस भवन, बैकुंठपुर में तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में भारत विभाजन से जुड़े दुर्लभ ऐतिहासिक छायाचित्रों, दस्तावेजों और समाचार पत्रों की कतरनों के माध्यम से उस दौर की पीड़ा, विस्थापन, संघर्ष और देश के पुनर्निर्माण की कहानी को प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी का अवलोकन बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े सहित गणमान्य नागरिक देवेंद्र तिवारी एवं कृष्ण बिहारी जायसवाल ने किया। विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा कि विभाजन के समय देशवासियों द्वारा झेली गई पीड़ा, संघर्ष और बलिदान की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के साथ देश ने विभाजन की भीषण पीड़ा झेली। बड़ी संख्या में परिवारों को विस्थापन का दंश सहना पड़ा और साम्प्रदायिक हिंसा में अनेक लोगों की जान गई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को इतिहास के कठिन दौर को समझने और उससे सीख लेने का अवसर मिलता है। देश की शांति, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि आजादी का मतलब केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है। हमें पढ़ने-लिखने, अपनी बात कहने, आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की स्वतंत्रता भी मिली है। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह से हम स्वतंत्रता की खुशी मनाते हैं, उसी तरह हमें विभाजन के दर्द को भी इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाजन के दौरान लाखों लोगों को अपने घर-परिवार और मातृभूमि से दूर होना पड़ा तथा अनेक स्थानों पर हिंसा और अशांति का सामना करना पड़ा।

सेल्फी बोर्ड पर तिरंगे के साथ दिखा देशप्रेम

मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हर घर तिरंगा सेल्फी बोर्ड भी आकर्षण का केंद्र रहा। बैकुंठपुर विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सेल्फी बोर्ड पर पेन से तिरंगे के सम्मान, देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम से जुड़े अपने विचार भी लिखे।

50 से अधिक आवारा मवेशियों को लेकर ग्राम परसा के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट परिसर

आवारा मवेशियों को गांव में छोड़ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरूवार की दोपहर में उस समय कलेक्टोरेट परिसर का नजारा बदल गया जब 13 किमी का पैदल सफर कर 50 से अधिक आवारा मवेशियों को लेकर ग्राम पंचायत परसा के ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय के समक्ष पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीण आवारा मवेशियों की व्यवस्था करने की मांग लेकर पशुओं के साथ कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष लंबे समय तक जमे रहे।

आवारा मवेशी शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चुनौती बन बए है। आवारा मवेशी ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खरीफ फसलों को तबाह कर रहे है। शहर से सटे ग्राम पंचायत परसा सहित आसपास गांवों में आवारा मवेशियों की संख्या में वृद्धि होने एवं खरीफ फसलों की तबाही से त्रस्त किसान 50 से अधिक आवारा मवेशियों को पैदल हांकते हुए दोपहर में कलेक्टर कार्यालय परिसर पहुंचे एवं कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष जमा हो गए। ग्रामीणों ने आवारा मवेशियों को मुख्य द्वार के सामने ही बैठा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मवेशियों एवं ग्रामीण की उपस्थिति लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। ग्रामीणों के साथ पहुंचे सरपंच फूलचंद मानिकपुरी एवं सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार पोया ने बताया कि शहर में घूमने वाले आवारा मवेशियों को काऊ केचर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ दिया जा रहा है। आवारा मवेशी क्षेत्र में धान, मक्का व उड़द की फसल को लगातार तबाह कर रहें है। तबाही बढ़ने पर मवेशियों की पहचान कराई गई तो जानकारी मिली कि कोई मवेशी गांव का नहीं है। ननि द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ कर काऊ केचर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ा गया है। आवारा मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। साथ ही वे लगातार फसलों को खाकर नष्ट कर रहे है। ग्रामीणों द्वारा आवारा मवेशियों को कलेक्टर को सौंपने का निर्णय लिया गया ताकि वे गौशाला एवं कांजी हाउस में इनके भोजन एवं रहने की व्यवस्था कर सके। ग्रामीणों ने बताया कि शहरी क्षेत्र के मवेशियों को ग्राम पंचायत परसा में पहुंचाने का अकेला मामला नहीं है।

आवारा मवेशियों को गांव से दूर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पुटा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप गांव में आवारा घूम रहे मवेशियों को कहीं और शिफ्ट करने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि पूर्व सरकार की गौठानों का इस्तेमाल कम से कम 5-6 माह तक किया जाए जिससे फसल कटाई तक उनकी खेती सुरक्षित रह सके। इस दौरान सरपंच पुटा बालकुमारी, अशीशशील, ज्ञान तिवारी, अनुज तिग्गा, विलियम टोप्पो, अवधेश मिश्रा, विमल केरकेट्टा, मनोहर,धंसाय, आर्यन, मनोहर, रामेश्वर, रामधन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर 8 कैदियों को मिली आजादी, जेल से बाहर आते ही आंखें नम

अम्बिकापुर। केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों के लिए गुरुवार का दिन खास रहा। बेहतर आचरण के फलस्वरूप समीक्षा बोर्ड की सिफारिशों पर केंद्रीय जेल के आठ कैदियों को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आजादी का तोहफा दिया गया है। वर्षों से जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी जब जेल की चारदीवारी से बाहर निकले तो उन सभी के आंखे भर आई। अपनों को पाकर और इस आजादी के बाद सभी काफी प्रसन्न नजर आए।

- 14- 15 वर्षों से काट रहे थे आजीवन कारावास की सजा

प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेलों में कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में केंद्रीय जेल से भी 8 कैदियों को रिहा किया गया है। जेल अधीक्षक के अनुसार, जेल नियमावली 358 के तहत सजा काट रहे। इन कैदियों को रिहाई दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे और पिछले 14-15 वर्षों से जेल में बंद थे। अचानक मिली इस रिहाई और इतने लंबे समय बाद जेल से बाहर आने के दौरान ये कैदी काफी भावुक नजर आए और उनकी आंखें नम हो गईं। जेल में उनका आचरण काफी अच्छा रहा, जिसके चलते समीक्षा बोर्ड की सिफारिश पर इन्हें समय से पूर्व रिहा किया गया है। अधीक्षक ने बताया कि जेल नियमावली के तहत संबंधित जिले के कलेक्टर और जेल अधीक्षक की रिपोर्ट पर समीक्षा बोर्ड गठित की जाती है, जिसके आधार पर कैदियों को रिहाई मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि

अन्य कैदी भी जेल नियमों का पालन करेंगे ताकि भविष्य में उन्हें भी समय से पूर्व रिहाई का लाभ मिल सके। इस दौरान कैदियों ने जेल में रहते हुए अपने कार्यों से जो पारिश्रमिक अर्जित किया था, वह उन्हें लौटाया गया है। जिन कैदियों के बैंक खाते थे, उनमें राशि ट्रांसफर कर दी गई है, जबकि अन्य को चेक के माध्यम से पारिश्रमिक दिया गया है। जेल से रिहाई के समय कैदियों के परिजनों और अधिकारियों में काफी उत्साह और भावुक माहौल देखने को मिला।

पृष्ठ 1 का शेष

पीएम जनमन योजना...

ही महीनों में यदि इस तरह दरारें और गड्ढे नजर आने लगें तो निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी दोनों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शिलापट्ट के अनुसार चिड़ौला से कर्री-बैगापारा मार्ग का निर्माण 27 फरवरी 2025 को शुरू हुआ था और 13 मार्च 2026 को पूरा किया गया। करीब 4.30 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर 233.04 लाख रुपये यानी लगभग 2.33 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर मुख्य रूप से स्कॉर्पियो, बोलेरो और अन्य छोटे वाहन ही चलते हैं। भारी वाहनों और ट्रकों की आवाजाही लगभग नहीं है।

पुलिया के एप्रोच में भी उखड़ाव- सड़क की बदहाली केवल मुख्य हिस्से तक सीमित नहीं है। पुलिया के एप्रोच हिस्से में भी दरारें और उखड़ाव दिखाई दे रहे हैं। आसपास सड़क बैठने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि बारिश के दौरान पानी का बहाव बढ़ने पर सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से और तेजी से बढ़ सकते हैं। यदि समय रहते मरम्मत और आवश्यक सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सड़क की स्थिति और खराब होने के साथ आवागमन एवं दुर्घटना का खतरा भी बढ़ सकता है।

2031 तक ठेकेदार के जिम्मे रखरखाव- सबसे अहम बात यह है कि शिलापट्ट पर दी गई जानकारी के मुताबिक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की 12 मार्च 2031 तक है। इसके लिए करीब 15.95 लाख रुपये का प्रावधान भी किया गया है। ऐसे में निर्माण पूरा होने के कुछ ही महीनों बाद सड़क में सामने आई दरारों और गड्ढों के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण और रखरखाव किया जा रहा है? वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, भरतपुर शशि शेखर मिश्रा ने कहा कि सड़क पर कई जगह गड्ढे होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में पीएमजीएसवाई के संबंधित अधिकारी से चर्चा की गई है और पूरी स्थिति का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। सड़क खराब होने के पीछे निर्माण में कमी है या कोई भौगोलिक कारण, जांच के बाद वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

जांच के बाद कराया जाएगा सुधार- कार्यपालन अभियंता मोतीराम सिंह ने कहा कि सड़क क्षतिग्रस्त होने की जानकारी विभाग को मिली है। विभागीय कर्मचारियों की टीम को मौके पर भेजकर सड़क की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि निर्माण गुणवत्ता या रखरखाव में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नाथल दाई मंदिर को भव्य स्वरूप देने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम बेनीपुर स्थित प्राचीन माता नाथल दाई मंदिर परिसर में गुरुवार सुबह धार्मिक अनुष्ठान एवं मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। बैगाओं द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर नाथल दाई सेवा समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने माता नाथल दाई के प्राचीन स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। पूजा-अर्चना के पश्चात माता नाथल दाई की महाआरती एवं हनुमान चालीसा पाठ एवं मां महामाया की आरती की गई। महाआरती में भारत सिंह सिसोदिया, अनुराग सिंह देव , निरूपा सिंह एवं मेजर अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह द्वारा मंदिर निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कर पांच फावड़े चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। आयोजन में आसपास की आठ-दस ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने धार्मिक आयोजन में सहभागिता की तथा महाभंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर परिसर के मुख्य द्वार पर एक विशाल ध्वज तथा चारों कोनों पर चार ध्वज स्थापित किए गए। इससे पूरा परिसर धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा। विश्व हिंदू परिषद सरगुजा के जिलाध्यक्ष विनीत गुप्ता ने बताया कि ग्राम बेनीपुर में माता नाथल देवी के प्राचीन मंदिर के अवशेष आज भी मौजूद हैं तथा यहां बाउंड्रीवाल भी निर्मित है। प्राचीन समय से ही इस स्थल पर बैगा, गुनिया, देवार एवं ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की जाती रही है। लोक मान्यता के अनुसार गांवों में होने वाले पारंपरिक पूजा-पाठ में माता कामाख्या की लघु स्वरूप मानी जाने वाली माता नाथल देवी की भी पूजा की जाती रही है।